**प्रेस नोट दिनांक 26.04.2025**
**थाना बारादरी जनपद बरेली**

**थाना बारादरी #bareillypolice द्वारा 03 शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गिरफ्तार, कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक कैंटर ट्रक व चाबियों का एक गुच्छा बरामद।**



अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बारादरी, बरेली को दिनांक 25/26.04.2025 की रात्रि को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी का ट्रक लेकर भरतौल रोड पर बेचने की फिराक में है।

प्रभारी निरीक्षक बारादरी द्वारा तत्काल पुलिस पार्टी के साथ बताये गये स्थान पर घेराबंदी कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया गया तो मौके पर मौजूद बदमाशों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ जबावी कार्यवाही में एक अभियुक्त रहीम उर्फ बाबू उर्फ बट्टा पुत्र राफेदीन नि0 ग्राम चंदोई थाना इस्लामनगर जनपद बदांयू हाल पता म0नं0 टी-86 चांद बीबी, कैम्प सराय काले खां हजरत निजामुद्दीन दक्षिणी दिल्ली दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया एवं अन्य दो अभियुक्त सहजान पुत्र साहिद व साकिब पुत्र इदरीश नि0गण भवानीपुर खल्ली थाना सहसवान जनपद बदांयू को मौके से समय करीब रात्रि 01.32 बजे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक तमन्चा 315 बोर, एक जिन्दा व नाल में फंसा हुआ एक खोखा कारतूस 315 बोर, चोरी किया गया एक कैंटर ट्रक नं0 DL1GE0610 एवं चाबियों का एक गुच्छा बरामद हुआ है। घायल अभियुक्त रहीम उर्फ बाबू उर्फ बट्टा को उपचार हेतु जिला अस्पताल बरेली भेजा गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना बारादरी, बरेली पर मु0अ0सं0 413/25 धारा 109(1)/317(2)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

**पूछताछ -**

अभियुक्तों से पूछताछ में जानकारी हुई कि अभियुक्तगण अपने पास भिन्न-भिन्न प्रकार की चाबियां रखते है जिनसे सड़क किनारे खड़े ट्रको का लॉक खोलकर चोरी कर लेते है। बरामद हुये इस ट्रक को तीनो अभियुक्तों द्वारा मिलकर दिल्ली से चोरी करना बताया गया। आज जब इस ट्रक को बेचने जा रहे थे तो पुलिस द्वारा पकड लिया गया। अभियुक्तों द्वारा पूर्व में कब कब जनपद में आवागमन किया गया है एवं अन्य किन घटनाओ में शामिल रहे है, इस बारे में गहनता से पूछताछ कर जानकारी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**बरामदगी -**

एक तमंचा 315 बोर
नाल में फंसा एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर
एक कैंटर ट्रक नं0 DL1GE0610
एक चाबियों का गुच्छा

**पुलिस टीम -**

1.श्री धनन्जय कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी जनपद बरेली
2. उ0नि0 श्री जगत सिंह थाना बारादरी जनपद बरेली
3. उ0नि0 श्री कुशलपाल सिंह थाना बारादरी जनपद बरेली
4. उ0नि0 श्री सनी चौधरी थाना बारादरी जनपद बरेली
5. हे0कां0 आशीष कुमार थाना बारादरी जनपद बरेली
6. कां0 सिद्धान्त चौधरी थाना बारादरी जनपद बरेली
7. कां0 अवनीश कुमार थाना बारादरी जनपद बरेली
8. का0 मनोज कुमार थाना बारादरी जनपद बरेली